# ट्रैक्टर-जीप की टक्कर में दो चचेरे भाइयों और महिला की मौत, 12 घायल

## धंबोला के भंडारा फला में मौत होने पर शोक सभा में शामिल होकर लौट रहे थे

**डूंगरपुर, (निसं)।** ट्रैक्टर और जीप की टक्कर में दो चचेरे भाइयों और उनकी भाभी की मौत हो गई। वहीं हादसे में जीप सवार 12 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जीप सवार लोग तीये की बैठक से लौट रहे थे। हादसा डूंगरपुर के वरदा इलाके में सोमवार देर शाम डोजा-कहारी मार्ग पर हुआ। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कवरिया ने बताया कि हादसे में जीप सवार शिवलाल पुत्र धिरजी रोत उसके चचेरे भाई जीवा पुत्र हाजा रोत और भाभी सेजल पत्नी भानजी रोत की मौत हो गई। सभी कहारी गांव के एक ही परिवार के थे। धंबोला के भंडारा फला में मौत होने पर शोक सभा में शामिल होकर लौट रहे थे। डोजा-कहारी मार्ग पर सामने की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से जीप की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि क्रूजर जीप के आगे का पूरा हिस्सा पिचक गया। हादसे में 12 लोग घायल हो गए।

■ **दो की हालत गंभीर, एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया**

घायलों के हाथ, पैर, सिर और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई है। घायलों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर डूंगरपुर से एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर ने बताया कि सभी घायलों का इमरजेंसी में इलाज किया जा रहा है। घायलों में 2 की हालत गंभीर है। हादसे में कहारी निवासी धीर रोत, दुर्गा पत्नी धीर रोत, मान पत्नी भगा कटारा निवासी वसी मालाजी फला मणि पत्नी भंवरलाल रोत, रेखा पत्नी केसर रोत, कमला पत्नी रमेश कोटेड निवासी देवल सहित 12 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया भी हॉस्पीटल पहुंचे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक से घायलों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अलंकार गुप्ता भी उनके साथ रहे।

# दस हजार की रिश्वत लेते नर्सिंगकर्मी गिरफ्तार

## संवेदक के बिलों का भुगतान करवाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए एमबीएस अस्पताल के नर्सिंगकर्मी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी नर्सिंगकर्मी संवेदक के बिलों का भुगतान करवाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी ने उसे मंगलवार को 10 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मौके पर ही पुलिस ने आरोपी नर्सिंग कर्मी मंजूर अली से रिश्वत की रकम बरामद कर ली है। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि कपूर ट्रेडिंग कंपनी के मालिक ने उन्हें शिकायत दी थी कि उनका एमबीएस अस्पताल में उपकरणों की मरम्मत, रिपेयरिंग व मशीनरी पाट्‌र्स सप्लाई की थी। यह कार्य वर्कशॉप के जरिए चलता है। उनके कई

■ **'आरोपी के विज्ञान नगर स्थित निवास पर भी तलाशी शुरू की गई'**

बिल इस मामले में बकाया चल रहे थे। जिनका भुगतान करवाने की एवज में वर्कशॉप के इंचार्ज के रूप में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मंजूर अली पैसे की डिमांड कर रहे हैं। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 29 जनवरी को सत्यापन करवाया जिसमें कल 15 हजार की डिमांड मंसूर अली ने की थी। सत्यापन के दौरान 5000 रुपए ले भी लिए थे। इसके बाद मंगलवार को ट्रैप कार्रवाई के दौरान मंजूर अली ने परिवादी से 10 हजार रुपए ले लिए। परिवादी का इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने एमबीएस अस्पताल परिसर में ही नर्सिंग अधीक्षक कक्ष पर दबिश दे दी। वहां से आरोपी मंजूर अली को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद की गई।

एसीबी के डीआईजी कल्याणमल मीणा का कहना है कि आरोपी के विज्ञान नगर स्थित निवास पर भी दो इंस्पेक्टर को भेजकर घर की तलाशी शुरू की गई। इसके अलावा मंजूर अली के पास मिली सभी पत्रावली जब्त कर ली गई है। जिसे स्पष्ट हो जाएगा कि कितने रुपए के बिलों की एवज में वह रिश्वत मांग रहा था। एडिशनल एसपी स्वर्णकार का कहना है कि मंजूर अली ने सत्यापन के दौरान बताया था कि यह रिश्वत की राशि में बाबू और एक अकाउंट कार्मिक का भी हिस्सा है। ऐसे में जब्त की गई पत्रावलियों के अनुसार इन दोनों कार्मिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यह बाबू भी लेखा विभाग में ही कार्यरत है।

# लोक परिवहन बस ने बाइक को टक्कर मारी, बहन-भाई की मौत

**गंगानगर, (निसं)।** जिले में सड़क हादसे में भाई और बहन की मौत हो गई। बहन को पढ़ाने के लिए भाई मजदूरी कर रहा था, ताकि बहन के हिस्से में ये सब नहीं आए। बहन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। गंगानगर में एक प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने के बाद जब दोनों वापस लौट रहे थे बाइक को लोक परिवहन बस ने टक्कर मार दी। हादसा गंगानगर जिले के चूनावढ़ थाना इलाके में हुआ।

पुलिस ने बताया कि गंगानगर मुख्य शहर से करीब पंद्रह किलोमीटर दूर महियांवाली गांव में रहने वाले भाई और बहन की मौत हो गई। गांव में रहने वाला मोहन अपनी बहन के साथ गंगानगर मुख्य शहर में आया था। वहां पर पूजा किसी प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने के लिए आई थी। दोनों बहन भाई दोपहर बाद में यहां पहुंचे थे और फिर पूरा काम होने के बाद रात को वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के नजदीक बीकानेर रूट पर आ रही एक लोक परिवहन बस ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन दोनों की मौत हो गई।

■ **गंगानगर में एक प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे**

पुलिस ने बताया कि मोहन मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा था। उसके एक बेटा और बेटी है। वह अपनी बहन को साथ रखता था और उसकी पढ़ाई पर भी पैसा खर्च कर रहा था। लेकिन प्रतियोगी परीक्षा देने से पहले बहन और भाई जीवन की परीक्षा हार गए। देर रात दोनों के शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। आज दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बदमाशों ने पिकअप चालक से नगदी सहित जेवर लूटे



सीसीटीवी फुटेज में नजर आई खाली पिकअप, जिसके चालक के साथ हुई लूट की वारदात।

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र में बीती रात एक पिकअप चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बदमाशों ने लूट की वारदात अंजाम दी। बदमाश चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर सोने-चांदी के जेवरात सहित 5300 रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित चालक ने अलवर गेट थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुट गई है। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार ब्यावर निवासी पिकअप चालक हनुमान राम गुर्जर ने शिकायत देकर बताया कि वह अपने साथी गोपाल गुर्जर के साथ पिकअप में लकड़ी भरकर नगरा प्रकाश रोड आशु स्वीट पर गए थे। वहां पर पिकअप को खाली कर खड़े थे। इस दौरान बाइक पर दो व्यक्ति आए। उनमें से एक व्यक्ति ने पिकअप के पास आकर बोला, उसे घर का सामान नसीराबाद लेकर जाना है। इसके बदले 1400 रुपए किराया तय हुआ था।

पिकअप चालक ने बताया कि उसका साथी गोपाल वापस घर चला गया। उसके साथ बाइक पर आया एक व्यक्ति पिकअप में बैठकर उसे नानकी पैलेस प्रकाश रोड के पास खड़ा करके चला गया। कुछ समय बाद वह वापस आया और एक कागज व पेन देकर नाम, मोबाइल नंबर लिखने के लिए कहा था। जैसे ही युवक ने उसे कागज और पेन दिया तो उसे तुरंत नींद आ गई और वह अचेत हो गया।

पिकअप चालक ने बताया कि करीब एक घंटे बाद उसकी नींद खुली तो उसने अपने सेठ को फोन कर इसके बारे में बताया। इसके बाद सेठ के कहने पर वह ब्यावर से माल भरवाने के लिए निकल गया। जब वह बाईपास पर पहुंचा तो उसे वापस नींद आने लगी। उसने अपने सेट को तबीयत खराब होने की जानकारी दी तो वहां पर उसके साथ के दो व्यक्ति वहां पहुंच गए। उसके साथियों ने उसे घर पर लाकर सुला दिया। जब वह सोकर उठा तो उसके हाथ में चांदी का कड़ा और 5 ग्राम सोने का ताबीज और 5300 रुपए गायब मिले। इसके बाद इसकी सूचना उसने अपने सेठ को दी थी। पीड़ित की शिकायत पर अलवर गेट थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पूर्वी राजस्थान के लिए एकीकृत ईआरसीपी वरदान सिद्ध होगी : गजेंद्र सिंह शेखावत

**अजमेर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि एकीकृत पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पूर्वी राजस्थान के अजमेर, जयपुर सहित तेरह जिलों के लिए वरदान साबित होने वाली है। यह न सिर्फ इन जिलों की अगले तीस सालों की पेयजल जरुरतों को पूरा करेगी बल्कि इससे 2.80 लाख हेक्टेयर भूमि के लिए भी सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अजमेर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरी होने के कारण अजमेर और जयपुर जिले की जीवन रेखा बीसलपुर बांध हर साल सौ प्रतिशत भरेगा। इतना ही नहीं इससे पूर्वी राजस्थान के 35 से ज्यादा छोटे-बड़े बांध और तालाब भरेंगे। इससे जमीन में जल का पुनर्भरण भी होगा।



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अजमेर में प्रेसवार्ता की।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में जिन तीस नदी जोड़ परियोजनाओं की पहचान की गई थी, उसमें पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना भी शामिल थी। मगर उस समय मध्यप्रदेश और राजस्थान की सरकारों के बीच समझौता न होने के कारण यह योजना स्थगित कर दी गई थी। बाद में पिछली राजस्थान सरकार ने ईआरपीसी बनाई, जिसमें सिर्फ तीन जिलों को 525 एमसीएम पानी मिलने वाला था और इस परियोजना की लागत 15000 करोड़ रुपए थी। लेकिन मध्यप्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद ईआरसीपी को संशोधित कर इसे पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ परियोजना से लिंक कर दिया गया। इसके कारण राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों को मिलाकर करीब पाँच हजार एसीएम पानी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब चालीस हजार करोड़ रुपए है। उन्हें विश्वास है

■ **'यह परियोजना पूरी होने के कारण अजमेर और जयपुर जिले की जीवन रेखा बीसलपुर बांध हर साल सौ प्रतिशत भरेगा'**

कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन-बेतवा परियोजना के लिए 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई है, उसी तरह इस परियोजना के लिए भी वे 90 प्रतिशत राशि उपलब्ध कराएंगे। इससे राजस्थान सरकार को महज दो हजार करोड़ रुपए खर्च करने होंगे जबकि पिछली परियोजना के मुकाबले उसे पाँच गुना ज्यादा पानी उपलब्ध होगा। शेखावत ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों राज्य सरकारें इस संबंध में तेजी से कदम उठाएंगी और यह परियोजना आगामी पाँच वर्षों में पूरी हो जाएगी।

## उदयपुर में दो करोना पॉजीटिव मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में मंगलवार को मिली कोविड के 36 सैम्पल की जांच में दो रोगी कोरोना पॉजीटिव पाए गए। जब कि 34 नेगेटिव पाए गए। इन्हें मिलाकर जिले में कोरोना पॉजिटिव रोगियों की संख्या चार हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि मंगलवार को कोविड के 36 सैम्पल लेकर जाँच की गयी जिसमें 34 नेगेटिव एवं 2 पॉज़िटिव पाये गये।।दोनो पॉजीटिव शहरी क्षेत्र से है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 77 हजार 133 पॉजीटिव कोरोना रोगी आए जिसमें से 76 हजार 348 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज्ड हो गये है। चार होम आयसोलेसोन में है। डॉ. बामनिया ने बताया कि मंगलवार को पॉजीटिव आये रोगी तितरडी और शोभागपुरा क्षेत्र से है। चिकित्सा विभाग की टीम रोगी के घर पहुंची और रोगी की हिस्ट्री ली गई। तितरडी स्थित पोजिटिव रोगी को 28 जनवरी को सर्दी और बुखार की शिकायत होने पर डॉक्टर के कहने पर जांच करवाई। परिवार के सदस्यों और क्लोज कांटेक्ट की जांच की गई। परिवार में पति,सास और ससुर है जिनमें कोई लक्षण नहीं पाये गये।

## सरपंच, वीडीओ सहित पांच लोगों से रिकवरी के आदेश

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पहले से बनी जोहड़ की चारदीवारी और मजदूरी मनरेगा के कार्यों में फिर दिखाकर करीब सवा बारह लाख रुपए हड़प करने के मामले की जांच में सरपंच सहित पांच जनों के खिलाफ रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा इन पांचों को पांच-पांच हजार रुपए पैनल्टी के रूप में चुकाने के आदेश दिए गए हैं। यह मामला श्रीविजयनगर पंचायत समिति क्षेत्र ग्राम पंचायत 4 बीएलडी का है।

इस ग्राम पंचायत के सरपंच प्रहलाद सिंह, सहायक अभियंता प्रहलाद सिंह, ग्राम विकास अधिकारी बलजिन्द्र सिंह, कनिष्ठ तकनीकी सहायक ओम गजुआ और एलडीसी वेदप्रकाश से गबन राशि 12 लाख 25 हजार 709 रुपए वसूलने प्रत्येक से पांच-पांच हजार रुपए पैनल्टी के रूप में चुकाने के आदेश दिए गए हैं। जिला परिषद के मनरेगा लोकपाल अनिल धानुका की ओर से दिए गए इस आदेश में इन लोगों को पन्द्रह दिन में पैनल्टी राशि चुकाने और चालीस दिन के उपरांत रिकवरी राशि ब्याज समेत चुकाने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत 4 बीएलडी के चक एलजेडएल ए में जोहड़ की दीवारों का निर्माण वर्ष 2008-2009 में एवं शेष रही पांच फीट रिटेनिंग दीवार का कार्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में वर्ष 2013-14 में पूर्ण हो गया था, इसका बकायदा समायोजन भी जिला परिषद की ओर से किया जा चुका था।

## हिरण शिकार प्रकरण में चार गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** हिरण शिकार के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से हथियार बरामद किए है। श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में शिकारियों ने हिरण को गोली मार शिकार किया। इसको लेकर वन्यजीव दया प्रेमियों के आक्रोश के चलते रात भर पुलिस आरोपियों को तलाशने व खोजने में लगी रही। पुलिस के मुताबिक एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो बंदूकें, बारूद, चाकू, जाळ, गुलेल, मांस के टुकड़ों समेत एक मोटर साइकिल तथा तीतर को मारकर बनाई गई सब्जी बरामद की है।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ निलम्बित

**अजमेर, (कासं)।** कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर अजमेर उत्तर विधान सभा क्षेत्रा में कार्यरत एक बीएलओ को निलम्बित किया गया है।

अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्रा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी जगदीश प्रसाद गौड़ ने बताया कि सुनिल कुमार कुमावत अध्यापक लेवल प्रथम, कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय महासभा प्रताप नगर अजमेर को विधानसभा क्षेत्रा अजमेर उत्तर (100) की भाग संख्या 13 में बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया गया था। लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों एवं मतदाता सूची पुनर्रीक्षण कार्यक्रम, मतदान स्थल भौगोलिक स्थिति, मतदान स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, घर-घर सर्वे, पीडब्ल्यू मतदाता एवं 80 प्लस वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के सत्यापन तथा फार्म 6, 7, 8 आदि का वर्तमान अद्यतन सूचना ऑफ एवं ऑनलाईन फीड करने के लिए कार्मिक को बार-बार निर्देशित किया जाने के पश्चात भी कार्मिक द्वारा कार्य नहीं किया गया।

चुनाव सम्बन्धी कार्य को शीघ्र करने के लिए कार्मिक को समय-समय पर आवश्यक निर्देश दिए जाने के उपरान्त भी कार्मिक की कार्य की प्रगति अति न्यून रही है। यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। कार्मिक के द्वारा उच्चाधिकारियों के विधिपूर्ण आदेशों की अवज्ञा की गई है। राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रति गम्भीर लापरवाही एवं आदेशों की अवेहलना बरतने के कारण कार्मिक के विरूद्व विभागीय जांच कार्यवाही विचाराधीन रखते हुए सुनिल कुमार कुमावत, अध्यापक लेवल प्रथम कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय प्राथमिक विद्यालय महाराणा प्रताप नगर अजमेर को निलम्बित किया गया है।


**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur-302005
Ph. No. : 0141-2223887, Fax : 0141-2228065, E-Mail : edepmrmsc-rj@nic.in
No. : F-8( )RMSC/EPM/M-4/NIB-820/2023-24/1018 Dated :- 29/01/2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for Item to Provide 24x7 Services for Repair & Maintenance of PSA Plants, Manifold (Oxygen) with Oxygen Outlets and LMO Tank in various Medical Institutions of Govt. of Rajasthan are invited from interested bidders up to 08.02.2024; 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal website http://sppp.rajasthan.gov.in, or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in. UBN No.: MSC2324GLRC00131

Executive Director (EPM)
RMSCL, Jaipur
Raj.Samwad/C/23/12413



मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना

**Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065 E-mail : edepmrmsc-rj@nic.in
No. F-8()RMSC/EPM/M-4/NIB-821/2023-24/1015 Dated: 25.01.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for item Pulse oxymeter(Table Top) are invited from interested bidders up to Date: 13-02-2024 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website "https://sppp.rajasthan.gov.in/" or "www.dipronline.org" or "https://eproc.rajasthan.gov.in/" or website "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in".
UBN:-MSC2324GLRC00129

Raj.Samwad/C/23/12454 Executive Director (EPM)



**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि. /निर्माण/2023-24/10475 दिनांकः- 25.01.2024

**ई. निविदा सूचना संख्या :- 16/2023-2024**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | NIB Code:- DLB2324A8317 (कुल 28 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2324WSOB29845, DLB2324WSOB29870<br>DLB2324WSOB29846, DLB2324WSOB29872<br>DLB2324WSOB29848, DLB2324WSOB29875<br>DLB2324WSOB29849, DLB2324WSOB29880<br>DLB2324WSOB29852, DLB2324WSOB29881<br>DLB2324WSOB29853, DLB2324WSOB29873<br>DLB2324WSOB29854, DLB2324WSOB29876<br>DLB2324WSOB29843, DLB2324WSOB29874<br>DLB2324WSOB29847, DLB2324WSOB29857<br>DLB2324WSOB29850, DLB2324WSOB29877<br>DLB2324WSOB29855, DLB2324WSOB29869<br>DLB2324WSOB29844, DLB2324WSOB29859<br>DLB2324WSOB29851, DLB2324WSOB29878<br>DLB2324WSOB29865, DLB2324WSOB29879 |
| निविदा की कुल लागत | : | Rs 475.18 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| निविदा जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 30.01.2024 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 31.01.2024 को 11:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 14.02.2024 सांय 18.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | : | दिनांक 15.02.2024 को अपराह 13:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 19.02.2024 को अपराह 12.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अध्यक्ष, नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई
राज.संवाद/सी/23/12432


# अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान जारी, खनन माफिया में हड़कंप

## 'अभियान में अब तक 2283 प्रकरणों में 520 एफआईआर दर्ज, 243 गिरफ्तारी हुई'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर माइंस विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 15 जनवरी से चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में 489 स्थानों पर अवैध खनन सहित अवैध खनन गतिविधियों के 2283 प्रकरण सामने आ चुके हैं।

प्रदेश में पहलीवार बड़ी मशीनों और उपकरणों की जब्ती के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस कार्यवाही व गिरफ्तारी की गई है। खान एवं पेट्रोलियम सचिव आनन्दी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन गतिविधियों को समूल समाप्त करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी अभियान का संचालन खान, राजस्व, परिवहन, पुलिस और वन विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों के मार्गदर्शन में संयुक्त रुप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शुरु किये गये नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही पर जोर देते हुए 24 घंटे में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत अभियान प्रगति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान में केवल अवैध खनिज परिवहन करते वाहनों पर कार्यवाही के स्थान पर पहला बार अवैध खनन गतिविधियों के स्त्रोत पर कार्यवाही पर जोर दिया गया है। यही कारण है कि प्रदेश में 15 जनवरी से 29 जून तक की अवधि में 2283 कार्यवाहियों में 489 अवैध खनन, 383 अवैध खनिज भण्डारण और 1421 अवैध परिवहन के प्रकरण सामने आ चुके हैं। प्रदेश में सर्वाधिक 149 कार्यवाही भीलवाड़ा जिले में हुई हैं। चित्तौड़गढ़ और कोटा में 100-100 कार्यवाही व अन्य जिलों में इससे कम प्रकरण सामने आये हैं। अभियान के दौरान प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज 520 एफआईआर और 243 गिरफ्तारी में सर्वाधिक 56 एफआईआर टोंक में धौलपुर में 43 और शेष अन्य स्थानों पर दर्ज हुई है। अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी में झालावाड़ में 33 गिरफ्तारी हुई है। टोंक में 30, धौलपुर में 25, जालौर में 24 व शेष प्रदेश के अन्य स्थानों पर हुई है।

■ **'1079.57 करोड़ रुपये का 2 लाख 17 हजार 563 टन मिनरल सीज किया'**

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान के दौरान अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त वाहनों के साथ ही बड़ी मशीनरी और उपकरणों को जब्त करने पर जोर दिया गया है। प्रदेश में पहली बार अभियान के दौरान 47 एक्सक्वेटर, 67 जेसीबी और 5 क्रेन जब्त करने के साथ ही 1604 वाहन जब्त किये गये हैं। भीलवाड़ा में 3 और जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र में 2 क्रेन जब्त की गई हैं। वहीं 5 एक्सक्वेटर बाड़मेर में जब्त किये हैं। नीम का थाना और अजमेर में 4-4 एक्सक्वेटर और भीलवाड़ा, जयपुर ग्रामीण, जैसलमेर में 3-3 एक्सक्वेटर और बाकी अन्य स्थानों पर जब्त किये गये हैं। उदयपुर में 6 जेसीबी, भीलवाड़ा, झालावाड़, में 5-5 जेसीबी और बाकी अन्य स्थानों पर जब्त की गई है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि राज्यव्यापी अभियान के दौरान अब तक 10 करोड़ 79 लाख रु. से अधिक का 2 लाख 17 हजार 563 टन खनिज संपदा जब्त की जा चुकी है। प्रदेश में सर्वाधिक एक करोड़ 80 लाख रु. की 8494 टन अवैध खनि संपदा हनुमानगढ़ और एक करोड़ 7 लाख 65 हजार रु. का 24813 टन खनिज जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में जब्त की गई है। अभियान में 9 करोड़ 27 लाख 78 हजार रु. की वसूली की गई है। इसमें सर्वाधिक वसूली में भीलवाड़ा 59.69 लाख, चित्तौड़गढ़ 56.01 लाख, अजमेर 53.61 लाख के साथ अग्रणी है। अभियान की खास बात यह है कि जिला कलेक्टर जहां जिला स्तर पर नियमित समीक्षा और कोआर्डिनेट कर रहे हैं। वहीं समय मिलते ही अधिकारियों के साथ जाकर कार्यवाही को भी अंजाम दे रहे हैं। इसी तरह से उच्च स्तर पर विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर राज्य सरकार द्वारा अन्य स्थानों से अधिकारियों को गोपनीय तरीके से कार्यवाही के लिए भेजा जा रहा है और इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि लगातार करोड़ों रु. के लाखों टन अवैध खनन के प्रकरण सामने आ रहे हैं। राज्यव्यापी अभियान की मोनेटरिंग निदेशक माइंस डॉ. प्रज्ञा केवलरमानी कर रही हैं। वहीं अतिरिक्त निदेशक स्तर के अधिकारी योगेन्द्र सिंह सहवाल समन्वय कर रहे हैं। नियंत्रण कक्ष की जिम्मेवारी भी एसएमई स्तर के अधिकारी एसपी शर्मा को दी गई है।